# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-26.07.20256**

प्रेस नोट

**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मोटर साइकिल चोरी करने की घटना में 02 वाहन चोर गिरफ्तार,कब्जे से चोरी की गयी 01 मोटरसाइकिल बरामद।**

ज्ञात हो दिनाँक 25/26.07.2025 की रात्रि थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत मौ0 छिपियान में 02 अभियुक्तगण द्वारा वादी सचिन सैनी पुत्र राकेश सैनी निवासी मौहल्ला छिपियान कस्बा व थाना थानाभवन जनपद शामली की मोटर साइकिल चोरी करने का प्रयास किया गया था। मौके पर मौजूद वादी व अन्य मौहल्ले वासियो द्वारा अभियुक्त निखिल पुत्र संतराम निवासी काशीराम कालोनी कस्बा व थाना थानाभवन जनपद शामली को मय मोटर साइकिल के पकड लिया गया था तथा अभियुक्त आशिफ पुत्र अशरफ निवासी काशीराम कालोनी कस्बा व थाना थानाभवन जनपद शामली मौके से फरार हो गया था। वादी सचिन सैनी उपरोक्त की तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 26.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार वाछिंत अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा मोटर साइकिल चोरी करने की घटना में वाछिंत 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. आशिफ पुत्र अशरफ निवासी काशीराम कालोनी कस्बा व थाना थानाभवन जनपद शामली।
2. निखिल पुत्र संतराम निवासी काशीराम कालोनी कस्बा व थाना थानाभवन जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.एक मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स बरामद।


हेल्प डेस्क
थानाभवन
शामली
BRONX
NEW YORK CITY
UP 19K 6538

**<u>साइबर सेल शामली  व थाना बाबरी पर संचालित साइबर हैल्प डैस्क द्वारा की गयी कार्यवाही में ठगी की गयी 99,000/- रुपये की धनराशि वापस कराई गईः-</u>**

ज्ञात हो दिनांक 20.06.2025 को आवेदिक श्री रोबिन मलिक पुत्र मदनपाल निवासी हाथीकरौदा थाना बाबरी जनपद शामली के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा मर्चेन्ट नेवी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर धनराशि की ठगी की गयी थी। उपरोक्त के सम्बन्ध में आवेदिक  रोबिन उपरोक्त द्वारा में थाना बाबरी साइबर हैल्प डैस्क पर साईबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के निर्देशन में साइबर सेल शामली व साइबर हैल्प डैस्क थाना बाबरी द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मर्चेन्ट नेवी में नौकरी लगवाने का झांझा देकर ठगी की गयी 99,000/- रुपये की धनराशि वापसी कराई गई है। आवेदिक रोबिन के द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेल शामली व साइबर हैल्प डैस्क थाना बाबरी का आभार व्यक्त किया गया है।



**<u>जिला मजिस्ट्रेट शामली एवं पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली का किया औचक निरीक्षण, सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।</u>**

आज दिनांक 26.07.2025 को जिला मजिस्ट्रेट शामली श्री अरविन्द चौहान एवं पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम द्वारा थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान अभिलेखो का अवलोकन कर थाने के भोजनालय, थाने व बैरकों की साफ-सफाई एवं रख-रखाव हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस निरीक्षण के दौरान उपरोक्त अधिकारियों के अतिरिक्त अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।




**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**